भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †3701**

उत्तर देने की तारीख 16 मार्च, 2026
25 फाल्गुन, 1947 (शक)

## खेलो इंडिया का लंबित प्रस्ताव

**†3701. एडवोकेट चन्द्र शेखरः**
**श्री हनुमान बेनीवाल:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के नगीना और अन्य लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा राजस्थान के दीदवाना-कुचामन और अन्य जिलों में खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत और उपयोग की गई निधि का मदवार और निर्वाचन क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के नगीना और राजस्थान के नागौर और दोनों राज्यों के अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यों के लिए कोई प्रस्ताव अनुमोदन के लिए लंबित है;

(ग) यदि हां, तो उक्त लंबित प्रस्तावों का जिला-वार और कार्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का एथलीटों के हित में उक्त लंबित प्रस्तावों की शीघ्र मंजूरी का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत धनराशि का आवंटन मद और निर्वाचन क्षेत्र-वार नहीं, स्कीम-वार किया जाता है। वर्तमान वर्ष के दौरान राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य सहित देशभर में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि और किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

| वित्तीय वर्ष | आवंटित धनराशि | किया गया व्यय |
|---|---|---|
| 2025-26 | 700.00 | 695.48<br>(दिनांक 28.02.2026 की स्थिति के अनुसार) |

(ख) से (ङ) : इस मंत्रालय की खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता हेतु विचार उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के अंतर्गत उपलब्ध धनराशि के आधार पर किया जाता है।

******